# SAMPLE QUESTION PAPER - 6
# Hindi A (002)
# Class X (2025-26)

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

## खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** [7]

चंपारण सत्याग्रह के बीच जो लोग गांधीजी के सम्पर्क में आए वे आगे चलकर देश के निर्माताओं में गिने गए। चंपारण में गांधीजी न सिर्फ सत्य और अंहिसा का सार्वजनिक हितों में प्रयोग कर रहे थे बल्कि हलुवा बनाने से लेकर सिल पर मसाला पीसने और चक्की चलाकर गेहूँ का आटा बनाने की कला भी उन बड़े वकीलों को सिखा रहे थे, जिन्हें गरीबों की अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी जानी थी। अपने इन आध्यात्मिक प्रयोगों के माध्यम से वे देश की गरीब जनता की सेवा करने और उनकी तकदीर बदलने के साथ देश को आजाद कराने के लिए समर्पित व्यक्तियों की एक ऐसी जमात तैयार करना चाह रहे थे जो सत्याग्रह की भट्टी में उसी तरह तपकर निखरे, जिस तरह भट्टी में सोना तपकर निखरता और कीमती बनता है।

गांधीजी की मान्यता थी कि एक प्रतिष्ठित वकील और हजामत बनाने वाले हज्जाम में पेशे के लिहाज से कोई फर्क नहीं, दोनों की हैसियत एक ही है। उन्होंने पसीने की कमाई को सबसे अच्छी कमाई माना और शारीरिक श्रम को अहमियत देते हुए उसे उचित प्रतिष्ठा व सम्मान दिया था। कोई काम बड़ा नहीं, कोई काम छोटा नहीं, इस मान्यता को उन्होंने स्थापित करना चाहा। मर्यादाओं और मानव-मूल्यों को उन्होंने प्राथमिकता दी ताकि साधन शुद्धता की बुनियाद पर एक ठीक समाज खड़ा हो सके। आजाद हिन्दुस्तान आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आत्म-सम्मानित देश के रूप में विश्व-बिरादरी के बीच अपनी एक खास पहचान बनाए फिर उसे बरकरार भी रखे।

**1.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** चंपारण सत्याग्रह के दौरान गांधीजी ने शारीरिक श्रम को उचित प्रतिष्ठा व सम्मान दिया।

**कारण (R):** गांधीजी का मानना था कि कोई काम बड़ा या छोटा नहीं होता, और हर कार्य समान रूप से महत्त्वपूर्ण है।

विकल्प:

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**2.** नीचे दिए गए कथनों में से सही विकल्प का चयन करें:

I. गांधीजी का मानना था कि प्रतिष्ठित वकील और हज्जाम की सामाजिक हैसियत एक समान है।

II. चंपारण सत्याग्रह के दौरान गांधीजी ने बड़े वकीलों को गरीब जनता की सेवा करने का प्रशिक्षण दिया।

III. गांधीजी ने पसीने की कमाई को सबसे अच्छी कमाई माना।

IV. गांधीजी गरीबों के बजाय केवल वकीलों पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे।

**विकल्प:**

i. केवल कथन I और II सही हैं।

ii. कथन I, II और III सही हैं।

iii. कथन III और IV सही हैं।

iv. केवल कथन II और IV सही हैं।

**3.** नीचे दिए गए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें:

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I. चंपारण सत्याग्रह का उद्देश्य | 1. सत्याग्रह की भट्टी में तपे हुए व्यक्तियों का निर्माण। |
| II. शारीरिक श्रम की महत्ता | 2. आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी भारत का निर्माण। |
| III. साधन शुद्धता की प्राथमिकता | 3. मर्यादाओं और मानव-मूल्यों पर आधारित समाज। |

**विकल्प:**

i. I (1), II (2), III (3)

ii. I (2), II (3), III (1)

iii. I (1), II (3), III (2)

iv. I (3), II (1), III (2)

**4.** गाँधीजी बड़े वकीलों को क्या सिखाना चाहते थे और क्यों? (2)

**5.** गाँधी आध्यात्मिक प्रयोग क्यों कर रहे थे। (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** [7]

यह मजूर, जो जेठ मास के इस निधूम अनल में
कर्ममग्न है अविकल दग्ध हुआ पल-पल में;
यह मजूर, जिसके अंगों पर लिपटी एक लँगोटी;
यह मजूर, जर्जर कुटिया में जिसकी वसुधा छोटी;
किस तप में तल्लीन यहाँ है भूख-प्यास को जीते,
किस कठोर साधन में इसके युग के युग हैं बीते।
कितने महा महाधिप आए, हुए विलीन क्षितिज में,
नहीं दृष्टि तक डाली इसने, निर्विकार यह निज में।
यह अविकंप न जाने कितने घूंट पिए हैं विष के,
आज इसे देखा जब मैंने बात नहीं की इससे।
अब ऐसा लगता है, इसके तप से विश्व विकल है,
नया इंद्रपद इसके हित ही निश्चित है निस्संशय।

I. कवि की दशा कैसी है? (1)

i. उसकी दशा अच्छी है

ii. वह पेट भरने लायक भी नहीं कमा पाता

iii. वह इन्द्रपद पर आसीन है

iv. वह सुखी है

II. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** काव्यांश में मजूर की कठिन परिस्थितियों और तप का उल्लेख किया गया है।

**कारण (R):** काव्य में यह बताया गया है कि मजूर अपने कष्टों के बावजूद पूरी तरह समर्पित और कर्म में तल्लीन है।

**विकल्प:**

i. iथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

III. काव्यांश में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

I. काव्य में मजूर के जीवन की कठिनाईयों और तप का वर्णन किया गया है।

II. मजूर का जीवन केवल कष्टपूर्ण और दुखी है, इसमें कोई सकारात्मक पहलू नहीं है।

III. काव्य में मजूर की तपस्या को विश्व के लिए लाभकारी बताया गया है।

IV. काव्य में मजूर के संघर्षों को नकारात्मक रूप से दर्शाया गया है।

**विकल्प:**

i. कथन I और III सही हैं।

ii. कथन II और IV सही हैं।

iii. केवल कथन I सही है।

iv. केवल कथन III सही है।

IV. जेठ का महीना कवि को बाधित क्यों नहीं कर रहा है? (2)

V. उसने बडे-से-बड़े लोगों को भी अपना कष्ट क्यों नहीं बताया? (2)

## खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर लिखिए-** [4]

i. पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ii. मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया। (सरल वाक्य में बदलिए)

iii. काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

iv. एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)

v. वह व्यस्तता के कारण नहीं आ पाया। (मिश्र वाक्य)

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए - (1x4=4)** [4]

i. नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

ii. दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ। (भाववाच्य में बदलिए)

iii. परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

iv. नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कहा कि खीरा लज़ीज होता है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

v. क्या अब चला जाए? (कर्तृवाच्य में)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** [4]

i. पक्षी आकाश में <u>उड़ रहे हैं</u>।

ii. वह <u>निबंध</u> लिखता है।

iii. <u>मोहन</u> दसवीं कक्षा में बैठा है।

iv. हम अपने <u>देश पर</u> मर मिटेंगे।

v. सुरेश, यदि <u>मैं</u> बीमार हो जाऊँ।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) [4]

i. फूल हँसे कलियाँ मुस्कुराई।

ii. नील गगन-सा शांत हृदय था रो रहा।

iii. पायो जी मैंने राम रतन धन पायो

iv. फूल हँसे कलियाँ मुसकाई।

v. "चाँद सा मुख"

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** [5]

मुफस्सिल की पैसेंजर ट्रेन चल पड़ने की उतावली में फूँकार रही थी। आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं। दूर तो जाना नहीं था। भीड़ से बचकर, एकांत में नयी कहानी के संबंध में सोच सकने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देख सकने के लिए टिकट सेकंड क्लास का ही ले लिया।

गाड़ी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गए। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताज़े-चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे-जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों।

i. लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट महंगा होने पर भी क्यों खरीदा?

क) सभी विकल्प सही हैं
ख) भीड़ से बचने के लिए
ग) प्राकृतिक दृश्यों को निहारने के लिए
घ) एकांत में चिंतन करने के लिए

ii. नवाब साहब की आँखों में लेखक को क्या दिखाई दिया?

क) उत्साह
ख) बेचैनी
ग) आँसू
घ) असंतोष

iii. नवाब साहब के सामने तौलिए पर क्या रखा था?

क) रुमाल
ख) लड्डू
ग) पुस्तकें
घ) खीरे

iv. कौन-सी बात लेखक के अनुमान के प्रतिकूल थी?

क) सफेदपोश नवाब ने उन्हें डिब्बे में चढ़ने से रोका।
ख) उस डिब्बे में एक सफेदपोश नवाब बैठे थे।
ग) उस डिब्बे में भी बहुत भीड़ थी।
घ) सेकंड क्लास का डिब्बा खाली नही था।

v. **सफेदपोश** शब्द से लेखक क्या संकेत कर रहा है?

क) वे सफेद वस्त्र पहने हुए थे।
ख) वे सभ्य और भद्र दिख रहे थे।
ग) वे बहुत सुंदर वस्त्र पहने हुए थे।
घ) वे नवाब से प्रतीत हो रहे थे।

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** [6]

i. कस्बों, शहरों, महानगरों के चौराहों पर किसी न किसी क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यक्ति की मूर्ति लगाने का प्रचलन-सा हो गया है, उस मूर्ति के प्रति आपके एवं दूसरे लोगों के क्या उत्तरदायित्व होने चाहिए? [2]

ii. वह कौन-सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया और न अपने कानों पर? **(एक कहानी यह भी)** [2]

iii. बालगोबिन भगत को किन विशेषताओं के कारण साधु कहा जाता था? [2]

iv. **संस्कृति** पाठ के अनुसार लेखक ने आविष्कर्ता और आविष्कृत चीज के मध्य क्या संबंध बताया है? [2]

**खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** [5]

हमारें हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम वचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौं, जिनके मन चकरी।।

i. **नंद-नंदन** शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

क) कृष्ण
ख) सूरदास
ग) उद्धव
घ) गोपियों

ii. गोपियों को योग व ज्ञान की बातें कैसी लगती हैं?

क) बहुत मधुर
ख) नीरस
ग) अग्नि के समान
घ) कड़वी ककड़ी के समान

iii. गोपियों ने श्रीकृष्ण की तुलना किससे की है?

क) भौंरे से
ख) हारिल की लकड़ी से
ग) सन्यासी से
घ) कड़वी ककड़ी से

iv. गोपियों ने श्रीकृष्ण की बातों को किसके लिए बताया है?

क) उद्धव के लिए
ख) जो सन्यासी है
ग) जो प्रेम करता हो
घ) जिसका मन स्थिर न हो

v. **ब्याधि** शब्द का क्या अर्थ है?

क) आधार
ख) विरह
ग) रक्षा
घ) रोग

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** [6]

i. इस वर्ष पाठ्य-पुस्तक में पढ़ी किस कविता में बादलों का प्रतीक लिया गया है? कविता के मूल भाव को अपने शब्दों में लिखिए। [2]

ii. 'फसल' कविता में फसल के उत्पादन में किन-किन तत्वों का योगदान बताया गया है? [2]

iii. मुख्य गायक के साथ संगतकार का होना क्यों आवश्यक है? [2]

iv. **आत्मकथ्य** काव्य में उन कारणों का उल्लेख कीजिए, जिनसे कवि को उज्ज्वल गाथा गाने में कठिनाई हो रही है? [2]

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** [8]

i. **माता का अँचल** किसी और युग की कोई कहानी प्रतीत होती है - अपने वर्तमान से उसकी तुलना करते हुए इसके पक्ष या विपक्ष में अपनी राय लिखिए। [4]

ii. हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है। [4]

iii. जितेन नोर्गे ने सिक्किम की प्रकृति और भौगोलिक स्थिति के बारे में क्या महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी? **साना साना हाथ जोडि** पाठ के आधार पर लिखिए। [4]

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** [6]

i. **गया समय फिर हाथ नहीं आता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। [6]

- समय ही जीवन है
- समय का सदुपयोग
- समय के दुरुपयोग से हानि

ii. **वन संरक्षण : प्राथमिकता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। [6]

- मनुष्य और वन में अटूट संबंध
- संरक्षण प्रथम आवश्यकता क्यों?
- वन संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रभाव
- सुझाव

iii. **जब मैं नाटक के संवाद भूल गया/गई** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। [6]

- नाटक प्रस्तुति
- पहली बार मंच पर
- अध्यापिका/अध्यापक और मित्रों द्वारा उत्साहवर्धन
- सफलतापूर्वक समाप्ति और सराहना

13. गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं। इससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। [5]

अथवा

अस्पताल में दाखिल हुए अपने किसी दुर्घटनाग्रस्त मित्र को सांत्वना देते हुए पत्र लिखिए।

14. बंसल प्रकाशन प्रा० लि० दिल्ली को डी. टी. पी. आपरेटर की आवश्यकता है। इस पद हेतु अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए व्यवस्थापक को स्ववृत सहित आवेदन-पत्र लिखिए। [5]

अथवा

विद्यालय से दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य abcschool@gmail.com को एक ईमेल लिखिए क्योंकि आपको बुखार [illegible]

15. **राजा** फिल्म के लिए लड़के व लड़कियों की प्रतिभा को परखने हेतु 25-50 शब्दो मे एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा [4]

अपने मित्र को रमज़ान की शुभकामनाएँ देते हुए 30-40 शब्दों में संदेश लिखिए।